प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## श्री अन्न ग्राम कार्यक्रम के अन्तर्गत मोटा अनाज पर जागरूकता

विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा आयोजित 'बालमेला, 2023' में 'श्री अन्न ग्राम कार्यक्रम' के तहत अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना के वैज्ञानिकों द्वारा बच्चों और माता–पिता के लिए जागरूकता सृजन शिविर आयोजित किया गया। नर्सरी स्कूल के बच्चों के माता–पिता को मोटा अनाज आधारित व्यंजनों जैसे मंडुआ लड्डू, झंगोरा केक, इडली, पोहा आदि के बारे में ज्ञान प्रदान किया गया। अभिभावकों व बच्चो को कुछ मोटे अनाज आधारित खाद्य पदार्थ . मडुवे के लड्डू एवं झंगोरा की इडली परोसे गए और खाद्य पदार्थ के सम्बन्ध मे उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त की गई। साथ ही उन्हें बच्चों के आहार में मोटे अनाज से बने व्यंजनों को शामिल करने हेतु प्रेरित किया गया। मोटे अनाज आधारित व्यंजनों के साथ–साथ उनके स्वास्थ्य लाभों के विषय में एक पुस्तिका भी वितरित की गई ।

वर्ष 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है इसको ध्यान में रखते हुए 'कृषि में महिलाऐं' परियोजना के अन्तर्गत मोटे अनाज की उपयोगिता, इसके पौष्टिक तत्व, मोटे अनाज का मूल्यवर्धन, अनाज के उत्पादन, उपयोगिता एवं इस पर आधारित लघु उद्योग स्थापित करने पर बल दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अधिष्ठात्री डा. अल्का गोयल ने परियोजना स्टॉफ द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की एवं बाल मेले में आये बच्चों के अभिभावकों से इसे बच्चों के आहार में उपयोग करने के सलाह दी।




*कार्यक्रम में अधिकारियों से वार्ता करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।*